# उदयपुर में तेज अंधड़ के साथ बारिश हुई, कई पेड़ धाराशाही, बिजली गुल

## लेकसिटी में उमस व गर्मी बरकरार, तापमान 39.4 डिग्री पहुंचा

■ शहर के अधिकांश हिस्सों में करीब पांच घंटे बिजली गुल रही

**उदयपुर,** (कासं)। लेकसिटी में बढ़ती गर्माहट के बीच सोमवार को दिन में अचानक मौसम पलट गया और तेज अंधड़ सी हवाएं चलने लगी। हालांकि बारिश का रूख पूरे शहर में एक जैसा नहीं रहा, लेकिन शहर में जो हवाएं चली उसमें कई जगहों पर पेड़ों को धाराशाही कर दिया।

उदयपुर शहर में दोपहर करीब तीन बजे अचानक मौसम पलटने लगा और तेज हवाएं चलने लगी हवाओं की तेज रफ्तार के साथ बारिश शुरू हो गई और चंद मिनटों की इस बारिश और हवाओं से जगह-जगह पेड़ धाराशाही हो गए। फतहपुरा से सहेलियों की बाड़ी जाने वाले मार्ग पर तो दर्जनों पेड़ जमींदोज हो गए। वहीं आयड़ मेन रोड़ पर एक विशालकाल पेड़ का एक बड़ा हिस्सा सड़क पर आ गिरा, जिससे यहां यातायात बाधित रहा। वहीं हवाओं के साथ पेड़ व तारों के टूटने से बिजली भी गुल हो गई जो करीब छह घंटों बाद सुचारू हो पाई



उदयपुर में बारिश के साथ आये तेज अंधड़ ने कई पेड़ों को धाराशाही कर दिया।

हालांकि शहर के फतहपुरा, साइफन आदि क्षेत्रों में तो रात आठ बजे तक बिजली सुचारू नहीं हो पाई। शहर के आयड़ व संबंधित क्षेत्र में तो करीब ढाई बजे ही बिजली गुल हो गई जो करीब पांच घंटे बाद 7.30 बजे सुचारू हो पाई।

बताया जा रहा है प्रतापनगर ग्रिड स्टेशन में लगी तारों में आग से शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली बाधित हुई। वहीं कई हिस्सों फतहपुरा, बेदला, साइफन आदि क्षेत्रों में बिजली कटौती के साथ ही हवाओं से गिरे पेड़ों से यहां रात आठ बजे तक भी घरों में बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई। जगह-जगह पड़े पेड़ों को निगम की टीमों द्वारा हटाने की कवायद की गई। वहीं टूटे तारों को जोड़ने का काम भी विद्युत विभाग की ओर से किया गया। शहर में गर्मी की तपिश बढ़ने के साथ ही अब तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है।

मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। धूप की तल्खी के साथ ही मौसम में घुली उमस लोगों को परेशान कर रही है। अचानक बदला मौसम भी उमस को कम नहीं कर पाया और बारिश के बाद फिर गर्मी व उमस का अहसास होने लगा।

# मनरेगा श्रमिकों को गांवों में नहीं मिल रहा काम

## आक्रोशित श्रमिकों ने उपतहसील का घेराव किया, आंदोलन की दी चेतावनी

**श्रीगंगनागर,** (निसं)। यहां बींझबायला इलाके में मनरेगा के तहत गांवों में लंबे समय से काम नहीं मिलने और मिलने वाले कार्यस्थलों की गांवों से अधिक दूरी से परेशान श्रमिकों ने विरोध प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने बींझबायला उपतहसील कार्यालय का घेराव किया। क्षेत्र के कई गांवों से आए सैकड़ों मनरेगा श्रमिकों ने उपतहसील कार्यालय के बाहर धरना दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मनरेगा के तहत रोजगार की मांग की। धरने में जीवनदेसर, 34 एलएनपी, 39 एलएनपी, हरखेवाला, 58 एलएनपी और साजनवाला गांवों के मनरेगा श्रमिक शामिल हुए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लेते हुए मनरेगा के तहत रोजगार की मांग की।

श्रमिकों का कहना है कि पिछले कई महीनों से उन्हें मनरेगा के तहत कोई काम नहीं मिल रहा है। जिन गांवों में कार्य स्वीकृत हो भी रहे हैं, वे इतनी अधिक दूरी पर हैं कि वहा रोजाना जाना संभव नहीं है। इससे ग्रामीणों के सामने रोजगार और जीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। श्रमिकों ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायतों व संबंधित अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। इसी के विरोध में वे आज एकजुट होकर धरने पर बैठे हैं। धरने के दौरान श्रमिकों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए और चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द उन्हें गांवों में ही काम नहीं दिया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। श्रमिकों ने कहा कि अगली बार बींझबायला उपतहसील को तालाबंदी कर ठप कर दिया जाएगा। धरना स्थल पर पहुंचे उपतहसील प्रशासन के अधिकारियों ने श्रमिकों से वार्ता कर उनकी मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। हालांकि प्रदर्शनकारी श्रमिक तब तक धरने पर डटे रहे जब तक उन्हें कोई लिखित समाधान नहीं दिया गया।

# व्यापारी का कर्मचारी ही लूट का मास्टर माइंड निकला

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के बिसाऊ थाना क्षेत्र में बिसाऊ कस्बे से महनसर जाने वाली रोड पर छह मई को सुबह हुई लूट की वारदात का पुलिस ने राजफाश कर दिया है। यह लूट की कहानी पूरी नकली थी जो परिवादी था, वो ही लूट का मास्टरमाइंड निकला।

रामगढ़ शेखावाटी के अनाज व्यापारी श्रवण सिंह भवानी सिंह की दुकान पर काम करने वाला रामगढ़ शेखावाटी निवासी वाहिद चार साल से व्यापारी के यहां काम करता था, जो पैसों को लाने और ले जाने का काम भी करता था। छह मई को भी झुंझुनूं से 15 लाख रूपए लाने के लिए वाहिद आया था। उसने बिसाऊ में आकर एक लाख रूपए ई-मित्र पर जमा करवाए और 14 लाख रूपए लेकर स्कूटी से रामगढ़ के लिए रवाना हुआ। उसने पुलिस को बताया कि महनसर के पास दो बाइक सवारों ने आकर उसके साथ पिस्तौल की नोक पर स्कूटी और मोबाइल लूट लिया। स्कूटी की डिग्गी में 14 लाख रूपए थे। पुलिस को घटना स्थल से कुछ दूरी पर स्कूटी और मोबाइल मिला। लेकिन पैसे नहीं मिले। पुलिस ने इस मामले में तफ्तीश शुरू की तो कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर मिले। इस दौरान सामने आया कि जयपुर ग्रामीण जिले के जोबनेर थाना इलाके के हिंगोनिया निवासी अयान पठान और



बिसाऊ थाना पुलिस ने लूट की वारदात का राजफाश किया।

उसका ही पड़ौसी ताहिर पठान, घटना के एक-दो दिन पहले से रामगढ़, बिसाऊ आदि इलाके में आए थे। पुलिस ने अयान से पूछताछ की तो उसने जुर्म करना कबूल लिया और पूरी कहानी बताई तो पुलिस के भी होश उड़ गए।

अयान ने पुलिस को बताया कि इस पूरी लूट की कहानी का मास्टर माइंड खुद परिवादी वाहिद है। जिसने ताहिर पठान से संपर्क किया। ताहिर पठान ने बताया कि इस लूट की झूठी वारदात के लिए दो लाख रूपए मिलेंगे। घटना के दिन भी वाहिद 12 लाख रूपए पहले ही ठिकाने लगा आया था। स्कूटी की डिग्गी में सिर्फ दो लाख रूपए थे, जो वे लेकर आ गए। पुलिस ने इस मामले में परिवादी और अनाज व्यापारी के कर्मचारी वाहिद के साथ-साथ अयान को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं ताहिर की तलाश की जा रही है, जो फरार है। पुलिस ने वाहिद के घर से 12 लाख रूपए भी बरामद कर लिए है। बताया जा रहा है कि वाहिद की कुछ माह पहले ही शादी थी। शादी में उसके कर्ज हो गया। इसी कर्ज को चुकाने के लिए उसने लूट की झूठी कहानी तैयार कर दो लाख रूपए में किराए के लुटेरे बुलाए। पुलिस और व्यापारी को शक ना हो, इसके लिए ना तो वो कहीं भागा और जब भी उसे पूछताछ के लिए बुलाया जाता। वो समय पर पहुंच जाता।

कार्यवाहक एसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि मामले का राजफाश करने वाली टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

# छात्राओं ने गोचर की भूमि में खुद बनाई क्रिकेट की पिच

■ 30 छात्राएं हर दिन सुबह-शाम क्रिकेट की प्रैक्टिस करती हैं

**बीकानेर,** (निसं)। ढींगसरी के बाद अब बीकानेर के बादनूं गांव की बेटियों ने साबित कर दिया है कि अगर जज्बा हो तो संसाधनों की कमी भी रास्ता नहीं रोक सकती। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बादनूं की 30 छात्राएं हर दिन सुबह-शाम क्रिकेट की प्रैक्टिस करती हैं।

कोच राकेश कुमार गोदारा की देखरेख में बच्चियां खेलती हैं, अपनी पिच खुद तैयार करती हैं और गांव की गोचर भूमि पर अभ्यास करती हैं। हालांकि, संसाधनों की कमी है, लेकिन आत्मविश्वास और मेहनत की कोई कमी नहीं है। इसी का नतीजा है कि पिछले दो वर्ष में छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए हैं। वर्ष 2024 में अंडर-17 और अंडर-19 की नेशनल प्रतियोगिताओं में भी इनका चयन हुआ, जिसमें संगीता घिंटाला ने कांस्य पदक जीता। बादनूं स्कूल की क्रिकेट टीम राजस्थान रॉयल्स द्वारा आयोजित अंडर-19 स्कूल टूर्नामेंट की विजेता रही है। इसके बाद इन छात्राओं को क्रिकेटर राहुल द्रविड से मिलने का अवसर भी मिला। यह मुलाकात न केवल गर्व का क्षण थी, बल्कि आने वाली खिलाडियों को भी नई प्रेरणा देने वाली थी।

स्कूल की मनीषा घिंटाला, सरिता घिंटाला, कंचन प्रजापत, केलम सोनी और संगीता घिंटाला वर्ष 2024 में स्कूल टूर्नामेंट में नेशनल विजेता रह चुकी हैं। इन सभी को राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की ओर से एक-एक लाख रुपए का पुरस्कार भी मिला। अंडर-15 और अंडर-19 वर्ग में जिले से लेकर राज्य स्तर तक बादनूं की छात्राएं शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। कोच राकेश कुमार गोदारा पिछले दो सालों से बच्चियों को नियमित प्रशिक्षण दे रहे हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद वह उन्हें सही तकनीक और धैर्य से खेलना सिखा रहे हैं। उन्होंने गोचर भूमि पर पिच बनाने में मदद की। बल्लों पर प्लास्टिक की बोतलों के कवर लगाकर क्रिकेट खेलना शुरु करने वाली ये बच्चियां अब 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक रही हैं।

राजस्थान एडहॉक कमेटी के सदस्य रतन सिंह शेखावत ने बताया कि बादनूं गांव की ये बेटियां राजस्थान के खेल नक्शे पर एक नई पहचान बना रही हैं। इनकी सफलता को देशभर के दूसरे खिलाड़ियों और कोचों को देखना चाहिए और उनसे सीख लेनी चाहिए कि मेहनत से बड़ी कोई चीज नहीं होती। इन बेटियों की जीत हम सबकी जीत है।

# भीलवाड़ा में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। औद्योगिक नगरी में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप इतना अधिक बढ़ गया है कि दिन के समय सड़कें सुनसान हो गई है, मानो कर्फ्यू जैसा माहौल बन गया हो। तापमान 39 डिग्री के पार पहुंचने के कारण लोग घरों में दुबके हुए हैं और केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही बाहर निकल रहे हैं।

भीलवाड़ा में वर्तमान में तापमान दिन में 38-41, रात में भी 30-32 से नीचे नहीं गिर रहा। लू का इतना असर है कि धूप में निकलना मुश्किल हो गया है। पारा लगातार खतरनाक स्तर पर जाने से सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। दोपहर में बाज़ार और सड़कें खाली, जैसे कर्फ्यू लगा हो। पानी और बिजली की समस्या भी आमजन के लिए कोड में खुजली का काम कर रही है। शहर के कई इलाकों में पानी की किल्लत और लंबे बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। भीषण गर्मी से श्रमिकों और किसानों की मुश्किलें भी बढ़ी है। मजदूरों का काम रुका हुआ है तो किसानों का खेतों में काम करना मुश्किल हो गया है।

पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ ने बताया कि लू लगने, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मामले बढ़े हैं। जिले के सबसे बड़े एमजी हॉस्पिटल में ओपीडी की संख्या और मरीजों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। सरकार और स्थानीय प्रशासन ने हीटवेव अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। वहीं कई सामाजिक संगठन और प्रशासन ने शहर में कई स्थानों पर शीतल भंडार और पेयजल की व्यवस्था की है। पीएमओ डॉ. गौड़ ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर न निकलें। खूब पानी पिएं, नारियल पानी और ओआरएस का उपयोग करें। सिर ढककर रखें, हल्के कपड़े पहनें और बुजुर्गों या बच्चों का खास ख्याल रखें। भीलवाड़ा की यह स्थिति पूरे राजस्थान में चल रही भीषण गर्मी का हिस्सा है।

# केबल चोरी करने का आरोपी गिफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। मोखमपुरा पुलिस ने विद्युत पोलों से केवल काटकर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चोरी के काम में ली गई गाड़ी को भी जब्त कर लिया।

पंचशील कॉलोनी ग्राम महला में स्किम जॉयमैक्स गार्डन में 27 जनवरी की रात्रि को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विद्युत पोलों से केबल काटकर चोरी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। थानाधिकारी मौखपुरा संजय प्रसाद मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम को सफलता मिली। पुलिस की ओर से अभियुक्त व वाहन को चिन्हित किया गया। दबिश देकर आरोपी को डिटेन कर पूछताछ की तो वारदात करना कबूल किया। चोरी की गई विद्युत केबिल बरामद की। पुलिस की ओर से अन्य फरार आरोपियों की तलाश करना बताया जा है। शेष माल की बरामदगी के लिए प्रयासरत है। आरोपी कमलेश उर्फ कमल को थाना कालवाड जयपुर शहर का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। पुलिस थाना हरमाड़ा, कालवाड़, करधनी, सेज, रींगस, जोबनेर, दौलतपुरा, बगरू में लूट, आर्म्स, हत्या का प्रयास, मारपीट व चोरी के करीब 20 प्रकरण दर्ज होना पुलिस की ओर से बताया गया है।

**कुओं पर लगी मोटरों के तार चोरी :** निवाई के बरोनी थानांतर्गत गांव दादिया की ढाणी में कुओं पर लगी हुई मोटरों के तार काट ले गए। इस बाबत पीड़ित किसानों ने चोरी का मामला दर्ज करने के लिए थाने में अर्जी लगाई है। किसान छीतरमल, रामनारायण, ग्यारसीलाल व कजोड़ गुर्जर ने पुलिस थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ढाणी के खेतों कुओं पर लगे हुए थ्री फेस मोटरों के कॉपर वायर जिनकी लंबाई करीब 400 मीटर है। अज्ञात चोर रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाते हुए वायर काटकर चुरा ले गए।

# ठगी के आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिले में साइबर ठगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टीपर गैंग के सरगना सोनू मीणा समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, आरोपियों के पास से दो लग्जरी गाड़ियां, 10 एंड्रॉयड मोबाइल, 9 चेक बुक और 2 बैंक पासबुक जब्त की गई हैं। ये गैंग ऑनलाइन गेम और टिपिंग के नाम पर लोगों से ठगी करता था। साइबर सेल की विशेष टीम गठित की गई, टीम को सूचना मिली कि गैंग के सदस्य दो लग्जरी गाड़ियों में टोंक की ओर आ रहे हैं, जिस पर टीम ने पचाला चौकी के पास नाकाबंदी की और दो लग्जरी गाड़ियों को रोककर तलाशी ली गई। गाड़ियों में बैठे चारों युवक सोनू मीणा, आकाश मीणा, शिवम उर्फ पिंटू मीणा और विक्रम मीणा समस्त निवासी पाटोली थाना अलीगढ़ से तलाशी में मोबाइल और बैंक दस्तावेज मिले। मोबाइल में ठगी में इस्तेमाल एप, टेलीग्राम और व्हाट्सएप के जरिए सैकड़ों लोगों से ठगी के सबूत मिले।

# ब्यावर में अमूल, कृष्णा, सरस का मिलावटी घी पकड़ा

## सूने मकान में मिलावटी घी व मिलावटी तेल के कारोबार की पैकिंग की जाने की शिकायत पर छापा मारा

■ गोदाम के अन्दर पैकिंग मैटीरियल पाया गया जिसे सील किया गया

**ब्यावर,** (निसं)। ब्यावर में अमूल, कृष्णा, सरस का मिलावटी घी पकड़ने की कार्रवाई की गई। सुनसान मकान में मिलावटी घी व मिलावटी तेल के कारोबार की पैकिंग की जाने की शिकायत पर छापा मारा गया।

जानकारी के अनुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार की महत्वकांशी योजना "शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान" के तहत जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत एवं अति. जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा मुखबिरी के आधार पर जशोदा नगर कृषी मंडी के पास सुनसान मकान में मिलावटी घी व मिलावटी तेल के कारोबार की पैकिंग की जाने की शिकायत के आधार पर पर कार्रवाई की गई। आसपास पड़ौसी द्वारा दिये गये फोन नम्बर पर सम्पर्क किया गया लेकिन फोन बन्द कर दिया गया। मालिक का चार से पांच घंटे तक इंतजार किया गया लेकिन यहां पर कोई नहीं पहुंचा। दरवाजे के अन्दर से देखने पर पैकिंग मैटीरियल पाया गया जिसमे खुर्द-बुर्द का सन्देह होने पर गोदाम का ताला नायब तहसीलदार व थानाधिकारी साकेत नगर की मौजूदगी में ताला तोड़ा गया। गोदाम के अन्दर अमूल, कृष्णा, सरस, स्वास्तिक, मूंगफली तेल, सुपर पोस्टमेन का पैकिंग मैटीरियल पाया गया जिसको मौके पर ही सभी की मौजूदगी में सील किया गया। जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह, जितेन्द्र सिंह सीआई पुलिस थाना, नायब तहसीलदार राजेन्द्र सिंह राणा, भुपेन्द्र सिंह, लोकेश कुमार, अजय सिंह, शिवराम साकेत नगर मय पुलिस जाब्ता द्वारा कार्रवाई की गई।

# युवक पानी की टंकी पर चढ़ा, आत्महत्या की धमकी दी

## पत्नी को वापस लाने की मांग को लेकर टंकी पर चढ़ा था युवक

अलवर, (निसं)। अलवर जिले के रैणी कस्बे में एक युवक द्वारा जलदाय विभाग की पानी की टंकी पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी देने से हड़कंप मच गया। युवक की पहचान बंबू मीणा के रूप में हुई है, जो पत्नी को वापस लाने की मांग को लेकर टंकी पर चढ़ा था। करीब एक घंटे तक चला यह ड्रामा कस्बे में चर्चा का विषय बन गया।

बंबू मीणा का आरोप है कि उसकी पत्नी को एक रिश्तेदार जबरदस्ती अपने साथ ले गया है और वह उसे वापस लाना चाहता है। युवक ने दावा किया कि उसने इस मामले में कई बार पुलिस से गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर वह जलदाय विभाग की टंकी पर चढ़ गया और पत्नी को वापस लाने तक नीचे न उतरने की चेतावनी दी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर रैणी स्ठरू हरकेश मीणा, तहसीलदार कैलाश मेहरा, थानाधिकारी रामजीलाल मीणा सहित पुलिस जाब्ता और पीएचईडी के सहायक अभियंता पहुंचे। अधिकारियों ने काफी देर तक युवक को समझाया और आश्वासन दिया कि मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद युवक टंकी से नीचे उतरा, जिसके बाद राहत की सांस ली गई। प्रशासन का कहना है कि युवक की शिकायत की जांच की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बस में डोडा-पोस्त की तस्करी, चालक सहित दो गिरफ्तार

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के सांचौर पुलिस ने सोमवार को गोरसिया बस में पार्सल की आड में अवैध मादक पदार्थ तस्करी करते हुए बस चालक व परिचालक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 17.375 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त बरामद किया। अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त परिवहन में प्रयुक्त बस को भी जब्त किया है।

जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत संदिग्ध स्थानों एवं वाहनों की सघन तलाशी ली जाकर कार्रवाई करने के क्रम में जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाईयां की जा रही है। इसी क्रम में सांचौर थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह के निकट निर्देशन में पुलिस टीम का गठन किया गया।

अमृतलाल उपनिरीक्षक पुलिस थाना सांचौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 18 मई को मुखबिर से प्राप्त सूचना अनुसार थाना के सामने नाकाबंदी कर गोरसिया बस को रूकवाया जाकर




सांचौर पुलिस ने डोडा-पोस्त तस्करी के मामले में दो जनों को पकड़ा।

सघन तलाशी ली गई तो वाहन में 17.375 किलोग्राम डोडा-पोस्त भरा हुआ पाया गया।

डोडा-पोस्त बरामद कर बस को जब्त किया गया। बस चालक डालुराम पुत्र जोराराम जाट निवासी फगलु का तला पुलिस थाना धनाऊ जिला बाड़मेर व परिचालक भगाराम पुत्र हनुमानाराम जाट निवासी दुधु पुलिस थाना धोरीमन्ना जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया। आरोपियों से अनुसंधान शुरू किया गया है।

# 12 सड़कों के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का मामला सामने आया

■ समाजसेवी ने उपखंड अधिकारी मकराना व कलेक्टर डीडवाना-कुचामन को शिकायत सौंपी

■ समस्त निर्माण कार्यों की पीडब्ल्यूडी से थर्ड पार्टी जांच करवाने, निर्माण सामग्री की सैंपल जांच कराने की मांग की

**बोरावड़,** (निसं)। नगर पालिका बोरावड़ द्वारा स्वीकृत 12 सड़कों के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग और नियमों की खुलेआम अवहेलना का मामला सामने आया है। इस संबंध में बोथरा बास निवासी समाजसेवी राजेन्द्र खर्रा ने उपखंड अधिकारी मकराना व जिला कलेक्टर डीडवाना-कुचामन को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार की विस्तृत जानकारी देते हुए थर्ड पार्टी जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

राजेन्द्र खर्रा के अनुसार 12 मार्च 2025 को स्वीकृत इन सड़कों का निर्माण कार्य वर्तमान में बोरावड़ नगर में जारी है, जिसमें ठेकेदार द्वारा बजरी की जगह क्रशर वेस्टेज और कच्चे पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही सीमेंट का अनुपात जी सिड्यूल के मानकों के अनुसार न होकर मात्र एक बैग सीमेंट प्रति 200 तगारी कंक्रीट में उपयोग किया जा रहा है, जो निर्माण की गुणवत्ता को संदेहास्पद बनाता है। उन्होंने बताया कि



बोरावड़ नगरपालिका क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग और नियमों की खुलेआम अवहेलना का मामला सामने आया।

रानाबाई टेंट हाउस से देवाराम मुरावतिया के मकान तक निर्माणाधीन सड़क में मानक रोलर का उपयोग नहीं किया गया, जिससे कॉलोनीवासियों ने विरोध करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। इसके बाद नगर पालिका के जेईएन ने मौके पर पहुंचकर औपचारिकता निभाने हेतु हल्के रोलर से कार्य किया, जो लीपापोती से अधिक कुछ नहीं है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ स्थानों पर नई सड़कें पुराने लेवल से अधिक ऊंची बना दी गई हैं, जिससे वर्षा के समय घरों में पानी भरने का खतरा उत्पन्न हो गया है। इस स्थिति से आमजन में नाराजगी व्याप्त है। राजेन्द्र खर्रा ने मांग की है कि समस्त निर्माण कार्यों की पीडब्ल्यूडी से थर्ड पार्टी जांच करवाई जाए, निर्माण सामग्री की सैंपल जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही जब तक जांच पूरी न हो, संबंधित ठेकेदारों का भुगतान रोका जाए।

उन्होंने जिला कलेक्टर के साथ-साथ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को भी शिकायत की प्रतिलिपि प्रेषित की है। उपखंड अधिकारी ने इस मामले की जांच का जिम्मा नगर पालिका की सहायक अभियंता विनीता को सौंपा है।